# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देवरिया

पत्रांक– 5391/सी

दिनांक–26/03/021

सेवा में,

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)
देवरिया।

विषय– जनपद देवरिया में निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देवरिया के अन्तर्गत ग्राम कोन्हवलिया परगना शाहजहांपुर तहसील व जिला देवरिया में स्थित गाटा सं0 908 में स्थित श्री चन्द्रभान तिवारी पुत्र श्री कपिलदेव तिवारी 13/242 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल नगर भुजौली कालोनी, जिला देवरिया के नाम से स्थित देवरिया कसया पडरौना मार्ग (राज्य मार्ग) किमी0 15 चै0 14.03 मार्ग के दाये तरफ आउटलेट (पेंट्रोल/डीजल) पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– मुख्य अभियन्ता गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया का पत्रांक 2651/132 पे0प0–गो0क्षे0/2020–21 दिनांक 19.03.2021 एवं अधीक्षण अभियन्ता, देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया का पत्रांक 8438/3यात–दे0वृत्त/20 दिनांक 20.03.2020 आपका पत्रांक 534/शस्त्र–2020 दिनांक 14.01.2020

दय,

कृपया उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड़ (भारत सरकार का उपक्रम) गोरखपुर रिटेल क्षेत्रीय कार्यालय एच.पी.सी.एल. प्रशांत टॉवर्स (भूतल) महेवा चुंगी, ट्रान्सपोर्ट नगर, गोरखपुर के **RU/MPM/333**, दिनांक 13.01.2020 द्वारा ग्राम कोन्हवलिया परगना शाहजहांपुर तहसील व जिला देवरिया में स्थित गाटा सं0 908 में स्थित श्री चन्द्रभान तिवारी पुत्र श्री कपिलदेव तिवारी 13/242 आचार्य रामचन्द्र शुक्ल नगर भुजौली कालोनी, जिला देवरिया के नाम से स्थित देवरिया कसया पडरौना मार्ग (राज्य मार्ग) किमी0 15.00 चै0 14.03 मार्ग के दाये तरफ आउटलेट (पेंट्रोल/डीजल) पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई है। मुख्य अभियन्ता, गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, गोरखपुर के पत्रांक 2651/132 पे0प0–गो0क्षे0/2020–21 दिनांक 19.03.2021 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार (पेट्रोल पम्प) की स्थापना करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्न शर्तो के साथ निर्गत किया जाता है।

1– पेट्रोल पम्प का निर्माण प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के शा0सं0 1882/23–12–19–1365/17 टी.सी. लोक निर्माण अनुभाग–12 लखनऊ दिनांक 04.12.2019 द्वारा जारी **"The Uttar Pradesh Guidlines for Issunig of NOC for Setting up fuel Station along UPPWD Roads 2019"** में दिए गए निर्देशों एवं चेकलिस्ट की शर्तो के अनुसार किया जायेगा।

2– प्रस्तावित स्थल के दोनो ओर 300 मीटर तक कोई रोड क्रासिंग नही होनी चाहियें।

– आई0आर0सी0–12, 2009 के अनुसार मार्ग पर 300 मी0 की दूरी तक कोई अन्य रिटेल आउटलेट स्थापित नहीं होना चाहिए।

– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट का निर्माण मार्ग की स्थायी भूमि के बाहर होगा तथा निर्माण सामग्री इस सीमा में न रखी जाय। प्रस्तावित निर्माण में बफर स्ट्रिप मार्ग की मध्य रेखा से 22.86 मीटर छोडकर होनी चाहिए। लो0नि0वि0 की स्थाई भूमि पर कोई भी निर्माण एंव साईन बोर्ड लगाना अनुमन्य नहीं होगा।

प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के प्रवेश एंव निकास पर सडक पर यातायात की विजिविलिटी होनी चाहिये, इसमें कोई अवरोध न हो। अन्य कोई आवश्यक बिन्दु जो स्थालीय परिस्थितियों तथा यातायात की सुरक्षा के लिये आवश्यक हो, प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के वास्तविक निर्माण के पूर्व सुनिश्चित कर लिया जाय।

यदि निर्माण स्थल की भूमि पर न्यायालय का कोई विवाद विचाराधीन हो तो ऐसी दशा में अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

26/8/21

Ashish Kumar Sharma
Duly Constituted Attorney
Hindustan Petroleum Corporation Limited

7– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट का लाइसेन्स डीड सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, एंव पार्टी द्वारा एक्जीक्यूट करा लिया जाय।

8– भूमि के स्वामित्व का सत्यापन राजस्व विभाग से करा लिया जाय। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

9– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट पर बफर स्ट्रिप पर ऐसा कोई साईन बोर्ड या होर्डिग न लगाया जाय, जिसमें भूमि तल से 3.00 मीटर का क्लीयरेन्स न हो।

10– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के पहुँच मार्गो पर निर्मित की जाने वाली पुलियों के बीच रोड साईड खन्ती में न्यूनतम 1.00 मीटर स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण कराया जाय, ताकि पानी सुविधापूर्वक रोड साईड ड्रेन से होकर प्राकृतिक नाली/नाले में बह सकें।

11– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के पहुँच मार्ग की ढाल रिटेल आउटलेट की ओर न्यूनतम 2 प्रतिशत होगा तथा पुलिया आई0आर0सी0 एस0पी0–13, 1983 के अनुसार निर्मित की जायेगी। रिटेल आउटलेट के पहुँच मार्ग का रख–रखाव कम्पनी द्वारा स्वंय वहन किया जाएगा, परन्तु इसका स्वामित्व सरकार के पास ही रहेगा।

12– प्रस्तावित रिटेल आउटलेट के पेव्ड एरिया का लेविल सडक के पेन्टेड सतह के मध्य बिन्दु के लेबिल से कम से कम 0.30 मी0 नीचे रखा जायेगा।

13– टर्निग कर्व रेडियस 13.00 मीटर रखा जाय एंव रेडियस आफ नान टर्निग कर्व 1.500 मीटर से 3.00 मीटर के बीच रखा जाय।

14– प्रस्तावित निर्माण कार्य एक वर्ष के अन्दर न होने पर एक वर्ष के बाद पुनः अनुमति लेनी पडेगी।

15– जब भी मार्ग के चौडीकरण हेतु भूमि वांछित होगी, तो चौडीकरण हेतु भूमि उपलब्ध करानी होगी और पम्प मालिक को अपने व्यय पर निर्माण हटाना होगा।

16– मार्ग पर किसी प्रकार का स्पीड ब्रेकर न बनाया जाय, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो।

17– पेट्रोल उत्पाद के अत्यधिक ज्वलनशील होने के कारण पर्यावरण/प्रदुषण विभाग के अधिनियमों एंव अर्हताओं की जानकारी कर जान–माल की व्यापक सुरक्षा के मद्देनजर कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसका उत्तरदायित्व पम्प मालिक का होगा।

उपरोक्त शर्तो का अनुपालन न किये जाने पर यह अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा और इसके लिए विभाग के विरूद्ध किसी प्रकार का क्लेम मान्य नही होगा।

संलग्न– 1– मानचित्र एक प्रति में।
2– चेक लिस्ट एक प्रति में।
3– लाइसेन्स डीड मूल में।

(कमल किशोर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देवरिया

पत्रांक– दिनांक–

1– प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता (तृतीय), निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देवरिया को सूचनार्थ प्रेषित।

3/8/21

Ashish Kumar Sharma
Duly Constituted Attorney
Hindustan Petroleum Corporation Limited

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, देवरिया

